# राजेन्द्र जोशी का राजस्थानी काव्यपाठ

बीकानेर (नसं)। साहित्य अकादेमी नई दिल्ली के तत्वावधान में कवि संधि कार्यक्रम के तहत हिन्दी-राजस्थानी के कवि राजेन्द्र जोशी का राजस्थानी काव्यपाठ का आनलाइन कार्यक्रम सोमवार को आयोजित किया गया । कार्यक्रम के प्रारंभ में अकादेमी की और से स्वागत करते कार्यक्रम प्रभारी ज्योति कृष्ण वर्मा ने कवि राजेन्द्र जोशी का साहित्यक परिचय प्रस्तुत किया, इस अवसर पर वर्मा ने जोशी की कविताओं पर टिप्पणी करते हुए कहा कि जोशी एक संवेदनशील कवि हैं वह वैचारिक रूप से प्रतिबद्ध कवि होने के साथ-साथ जातिवाद, साम्प्रदायिक असहिष्णुता के खतरों को समझते हैं । उन्होंने जोशी को गम्भीर रचनाकार बताते हुए कहा कि जोशी के चार कविता संग्रह एवं दो कहानी संग्रह प्रकाशित हो चुके है । इस अवसर पर कवि-कथाकार राजेन्द्र जोशी ने लगभग दर्जन भर राजस्थानी कविताओं का वाचन किया जिसे सभी श्रोताओं ने जमकर दाद दी।